पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 05 एवं एनबीडब्ल्यू में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 21.03.2023

दिनांक 20/21-03-2023 को रात्रि थाना बंथरा 04, सरोजनीनगर 01 एवं एनबीडब्लू में थाना चौक 01, थाना इटौंजा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 05 एवं एनबीडब्ल्यू में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

जुआ खेलते समय गिरफ्तार।

थाना सआदतगंज-दिनांक 20-03-2023 को उ0नि0 श्री सुशील कुमार यादव थाना सआदतगंज लखनऊ द्वारा मय हमराही फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01-मुन्ने पुत्र मो0 हाशिम निवासी 431/8 नेवाती टोला यासीनगंज थाना सआदतगंज लखनऊ 02-मो0 अनीश पुत्र स्व0 मो0 हनीफ निवासी 27, करीमगंज, मौज्जमनगर थाना सआदतगंज लखनऊ 03-रजी अहमद पुत्र स्व0 निसार अहमद निवासी 429/25 मौज्जमनगर थाना सआदतंगज लखनऊ, 04-मो0 अयूब खान पुत्र मो0 याकूब खान निवासी 544/854 चाणक्यपुरी बालागंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ 05-मो0 मतीन पुत्र अनवर अली निवासी 431/352, मोमिननगर, कैम्पवेलरोड थाना सआदतगंज लखनऊ 06-शाहरूख पुत्र असलम निवासी कस्बा बाडी थाना सिधौली जनपद सीतापुर हाल पता कमल के मकान में किरायेदार, ए-ब्लाक आजाद नगर थाना ठाकुरगंज लखनऊ, 07-सुफियान पुत्र मन्नान निवासी ग्राम/कस्बा बाडी थाना सिधौली जनपद सीतापुर हालपता शहनवाज के मकान में किरायेदार बेगरिया सीता विहार कॉलोनी थाना दुबग्गा लखनऊ को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान गुलाब नगर माबिया मस्जिद के पास थाना सआदतगंज जनपद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते, मालफड़ में 5500/-रूपये व 08 अदद मोबाइल फोन बरामद कर थाना सआदतगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना बी.के.टी.-दिनांक 21-03-2023 को थाना बी.के.टी. द्वारा बताया गया कि श्री रामजन्म राम पुत्र श्यामनारायण राम निवासी दुर्गापुर कालोनी निकट अस्ती रेलवे क्रासिंग थाना बी.के.टी लखनऊ ने थाना बी.के.टी. पर सूचना दिया कि दिनांक 20.03.2023 को वह अपने रिश्तेदार को देखने इटौंजा सरकारी अस्पताल में सपरिवार गया था और उसका पुत्र रवि उम्र करीब 19 वर्ष घर की देखभाल हेतु अकेला घर पर था। जब समय करीब 2.30 बजे दोपहर को वह वापस घर लौटा तो देखा कि घर के बाहर का दरवाजा अन्दर से बंद था। उसने अपने लड़के रवि को काफी देर तक आवाज दिया और दरवाजा भी पीटा फिर भी कोई जवाब नही मिला, तो उसने अपने छोटे पुत्र आदर्श को दीवार पर चढ़ा कर आंगन के रास्ते घर के अंदर भेजकर बाहर का दरवाजा खुलवाया तो वह लोग अंदर आये और अपने लड़के रवि के कमरे में देखा तो उसका पुत्र रवि ने अपने कमरे के छत में लगे पंखे के कुण्डे से नायलॉन की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री धीरेन्द्र मिश्रा मो0नं0 9838560497 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक होल सेल कपड़े की एक दुकान पर काम करता था। मृतक अविवाहित था।